## महत्वपूर्ण एवं खास

### झीरम श्रद्धांजलि दिवस: 25 मई को शहीदों की स्मृति में होगा मौन धारण

**रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सल हिंसा के शिकार हुए जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारीगण, सुरक्षा बलों के जवान एवं विगत वर्षो तथा वर्तमान में नक्सल हिंसा में शहीद हुए अन्य सभी भाईयों-बहनों की स्मृति में आगामी 25 मई को झीरम श्रद्धांजलि दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय के परिप्रेक्ष्य में 25 मई को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी शासकीय/अर्ध शासकीय कार्यालयों में शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन धारण किया जाएगा। इस दौरान उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी छत्तीसगढ़ राज्य को पुन: शांति का टापू बनाने हेतु संकल्प लेंगे।

### शिक्षक एवं सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 10 जून को

#### डिप्टी कलेक्टर कंवर बनाए गए नोडल अधिकारी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा सहायक शिक्षक (ई.एवं टी. संवर्ग), शिक्षक (ई.एवं टी.संवर्ग)भर्ती परीक्षा 10 जून 2023 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रथम पाली (पूर्वान्ह)में शिक्षक परीक्षा एवं द्वितीय पाली (अपरान्ह)में सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित होगी। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर को नोडल अधिकारी एवं प्रधान पाठक रामकुमार चौहान को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### अल्पसंख्यकों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक अब 8 जून को

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग जिले में समस्त अधिकारियों की उपस्थिति में अल्पसंख्यकों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक एवं सम्मेलन (सेमीनार) 24 मई को आयोजित किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। उक्त समीक्षा एवं सेमीनार 8 जून 2023 को आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, रायगढ़ ने दी है।

### सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 26 को

**रायगढ़।** जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 26 मई पूर्वान्ह 11 बजे से एवं सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के संबंध में बैठक 24 मई को

रायगढ़। राष्ट्रीय रामायण महोत्सव 2023 का आयोजन 1 से 3 जून तक जिला मुख्यालय रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम के सफल एवं गरिमामय आयोजन/संचालन के संबंध में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में 24 मई को दोपहर 12 बजे से बैठक आयोजित की जाएगी।

### तीन लोगों की असामयिक मृत्यु, वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग धरमजयगढ़ अंतर्गत तीन लोगों की प्राकृतिक आपदा के तहत असामयिक मृत्यु होने पर कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन पश्चात संबंधित अनुविभाग के एसडीएम द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रूपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इनमें ग्राम-शाहपुर तहसील धरमजयगढ़ निवासी लटीराम सारथी की 2 सितम्बर 2022 को नदी के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी उत्तरा सारथी को 4 लाख रुपये, ग्राम-विजयनगर के नैहर साय की 5 सितम्बर 2022 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर दिलबोध को 4 लाख रुपये तथा ग्राम-पीपरमार के सजन सिंह राठिया की 9 अक्टूबर 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी घुरई बाई राठिया को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# पूंजीपथरा-चिराईपानी रोड किनारे बोरे में बंद मिले व्यापारी के शव मामले में हत्या का आरोपी गिरफ्तार

- उत्तर प्रदेश के भदोही जिले से आरोपी को गिरफ्तार कर पूंजीपथरा पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा
- रुपए के लेन-देन को लेकर दो आरोपियों ने बहाने से व्यापारी को पूंजीपथरा बुलाया और मारपीट व गला घोंट कर की थी हत्या

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर जिले के सभी लंबित गंभीर प्रकरण जिनमें गिरफ्तारियां नहीं हुई है, उनकी समीक्षा कर लगातार आरोपियों की पतासाजी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पूंजीपथरा के 6 माह पुराने ब्लाइंड मर्डर के मामले में पूंजीपथरा पुलिस ने एक आरोपी मुकेश मिश्रा को उत्तर प्रदेश के भदोही से धर पकड़ कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

05 नवंबर 2022 को थाना पूंजीपथरा अंतर्गत चिराईपानी मेन रोड किनारे दोना पत्तल व्यवसायी सुजीत कुमार मिश्रा (उम्र 49 वर्ष) का शव बोरे में बंद मिला था। मामले में पूंजीपथरा पुलिस अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर जांच विवेचना में जुटी हुई थी, जांच विवेचना में व्यवसायी के साथ रुपए के लेन-देन को लेकर लाखा के धीरज चौबे के साथ पूर्व में झगड़ा विवाद और धीरज चौबे के रंजिश होने की जानकारी मिली। घटना के बाद से ही धीरज चौबे और उसका साथी मुकेश मिश्रा फरार थे। मामले के दोनों आरोपी घटना कारित करने के बाद से ही लगातार पुलिस की इन्वेस्टिगेशन और इस मामले से जुड़ी खबरों पर नजर बनाए हुए थे, साथ ही साथ पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने लोकेशन बदल रहे थे। पहले भी कई बार पूंजीपथरा पुलिस द्वारा आरोपियों के निवास पर जाकर दबिश देकर गिरफ्तारी का प्रयास किया गया था, भदोही में जाकर जब पूंजीपथरा पुलिस की टीम द्वारा मुखबिरी तैयार की गई तब कहीं जाकर आरोपी पुलिस के हाथ लगा जिसे कल हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

मृतक सुजीत कुमार मिश्रा पिता बासुनंदन मिश्रा उम्र 49 वर्ष के पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में मृतक की मृत्यु गला दबाकर हत्या करने तथा मृत्यु "हत्यात्मक प्रवृत्ति"का होना पाये जाने पर दिनांक 06.11.2022 को अज्ञात आरोपी हत्या (धारा 302 आईपीसी) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेंद्र एसैया द्वारा सभी पहलुओं पर जांच विवेचना की जा रही थी। जांच दौरान मृतक सुजीत कुमार मिश्रा के वारिसानों ने बताया कि सुजीत कुमार दोना पत्तल का काम करते थे। काम के सिलसिले में उनका गेरवानी, लाखा, पूंजीपथरा की ओर आना-जाना था। इसी दौरान बीएस प्लांट तराईमाल में काम करने वाले मुकेश मिश्रा से सुजीत की जान पहचान हुई। मुकेश मिश्रा के माध्यम से सुजीत की मुकेश के दोस्त धीरज चौबे से परिचय हुआ। धीरज कुमार चौबे का लाखा में ढाबा था , धीरज कुमार के कहने पर 15,000 प्रति माह के हिसाब से सुजीत मिश्रा ढाबा में 3 महीने काम किया था, 3 महीने बाद धीरज कुमार अपना ढाबा बंद कर दिया। सुजीत मिश्रा को धीरज चौबे से उसके काम के रूपये लेने थे।

घर से निकले सुजीत का मोबाइल बंद हो जाने पर उसके परिवारजन परेशान हो गए और खोजते हुए चिराईपानी पहुंचे , जहां रोड किनारे बोरे में बंद उसका शव मिला था। पुलिस की जांच विवेचना में दोनों संदेही मुकेश मिश्रा और धीरज चौबे घटना के बाद से ही अपना मोबाइल बंद कर फरार हो गए थे जिसकी पता तलाश में पुलिस लगी हुई थी। पता तलाश दौरान मुकेश मिश्रा के उसके गांव ग्राम भीखीपुर थाना कोइरौना जिला भदोही उत्तर प्रदेश में देखे जाने की सूचना पर तत्काल एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर थाना प्रभारी पूंजीपथरा के नेतृत्व में पुलिस टीम उत्तर प्रदेश रवाना हुई और आरोपी को उसके गांव में घेरा बंदी कर धर दबोचा गया जिसे हिरासत में लेकर रायगढ़ लाये। संदेही मुकेश मिश्रा से पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध कबूल किया है।

आरोपी मुकेश कुमार मिश्रा ने अपने इकबालिया बयान में बताया है कि धीरज चौबे और सुजीत कुमार के बीच पैसे का लेनदेन का विवाद था। धीरज चौबे के कहने पर सुजीत कुमार मिश्रा का मोटरसाइकिल को अपने पास रख लिया और धीरज के कहने पर ही 04 नवंबर की सुबह सुजीत कुमार को फोन कर बुलाया। सुजीत मिश्रा तराईमाल मिलने आया जिसे मोटरसाइकिल लाखा में दूंगा कहकर धीरज चौबे के क्वाटर में ले गया। क्वाटर में धीरज चौबे ने सुजीत को रु.1,00,000 कब दोगे बोला। इस पर दोनों में विवाद हुआ धीरज चौबे टांगी के बेट से सुजीत को कई बार मारपीट किया और इसने भी (मुकेश मिश्रा) सुजीत को हाथ मुक्का से मारपीट किया और दोनों मिलकर एक गमछा को सुजीत के गला में फंसा कर गला घोट कर उसकी हत्या कर दिए और हत्या के बाद मुकेश बीएस प्लांट तराईमाल चला गया, रात करीब 10:00 बजे धीरज चौबे अपने मोटरसाइकिल से बीएस प्लांट आकर मुकेश मिश्रा को वापस लाखा ले गया। दोनों मिलकर सुजीत कुमार के शव को एक बोरी में भरकर चिराईपानी रोड किनारे फेंक कर फरार हो गए थे। आरोपी मुकेश मिश्रा के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त लोहे का टांगी, एक गमछा जिससे गला घोटा गया था जब्त किया गया है। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा आरोपी मुकेश मिश्रा उर्फ हरिशचंद्र मिश्रा पिता उमाशंकर मिश्रा उम्र 45 वर्ष निवासी भीखीपुर थाना कोईरौना जिला भदोही (उत्तर प्रदेश) को हत्या के अपराध में कल शाम गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी धीरज कुमार चौबे फरार है, जिसकी पतासाजी के लिए टीम लगी हुई है।

## 25 से शुरू और 2 जून तक रहेगा नौतपा




**रायपुर (आरएनएस)।** पंचांग के अनुसार हर साल गीष्म ऋतु के साथ ही नौतपा की शुरुआत भी हो जाती है। नौतपा के 9 दिनों में भीषण और प्रचंड गर्मी पड़ती है। सूर्य देव का जब चंद्रमा के नक्षत्र यानी कि रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश होता है, तब नौतपा की शुरुआत होती है।

ज्योतिष के अनुसार इस साल गुरुवार 25 मई 2023 से नौतपा शुरू हो जाएगा और 2 जून तक रहेगा। सूर्य देव 25 मई को देर रात 4 बजे के बाद रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे और पूरे 15 दिनों तक यानी 8 जून तक इसी नक्षत्र में रहेंगे। नौतपा के शुरुआती 9 दिन भयंकर गर्मी वाले होते हैं। इसका कारण यह है कि इस दौरान सूर्य की किरणें सीधे पृथ्वी पर पड़ती है और भीषण गर्मी का अहसास होने लगता है।

**नौतपा के दिन इन शुभ योग व नक्षत्र का संयोग-** ज्योतिष के अनुसार गुरुवार 25 मई 2023 से नौतपा की शुरुआत हो जाएगी और इसी दिन गुरु पुष्य नक्षत्र के साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग भी रहेगा। इन शुभ नक्षत्र और योग के संयोग के साथ सूर्य चंद्रमा के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही नौतपा की शुरुआत हो जाएगी। इस दौरान सूर्य, मंगल, बुध का शनि से समसप्तक योग होने से धरती का तापमान भी बढऩे लगता है।

**नौतपा के 9 दिनों का हाल-** नौपता की शुरुआत 25 मई से होगी। इसमें 25 और 26 मई के दिन सामान्य गर्मी रहने की संभावना है। वहीं 27, 28, 29, 30 मई को प्रचंड गर्मी के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके बाद 31 मई, 1 जून और 2 जून को तेज हवाओं के साथ उमस भरा मौसम रहने की संभावना जताई जा रही है।

**नौतपा की तपन से अच्छी वर्षा के संकेत-** नौतपा की शुरुआत होते ही 9 दिनों तक प्रंचड गर्मी से धरती तपने लगेगी। इस साल रोहिणी नक्षत्र का निवास समुद्र के तट पर और वास रजक के यहां वही वाहन सिचाणु रहेगा। मान्यता है कि सूर्य के रोहणी नक्षत्र में प्रवेश के समय जब समुद्र तट का वास होता है तो इसे भविष्य में अच्छी बारिश का संकेत माना जाता है। ऐसे में इस साल नौतपा के तपन से अच्छी वर्षा हो सकती है।

## रेल्वे बंगलापारा में हुए बलवा मामले के फरार तीन और आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस ने भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस द्वारा रेल्वे बंगलापारा में बलवा मारपीट मामले के महिला आरोपी - बेबी यादव, कुसुम ठाकुर और आदित्य उर्फ राजू श्रीवास को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। मारपीट, बलवा की घटना को लेकर 16 मार्च रेल्वे कालोनी बंगलापारा के जितेश सोनकर पिता धीरू सोनकर (उम्र 22 वर्ष) द्वारा आरोपी विशाल ठाकुर और उसके भाई राजू श्रीवास , बाबू ठाकुर और बहन कुसुम ठाकुर, बेबी यादव के विरूद्ध एक राय होकर घर अंदर घुसकर मारपीट और मोटर सायकल को तोड़ फोड़ करने का रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। रिपोर्टकर्ता जितेश सोनकर ने बताया कि दिनांक 09.03.2023 को रात्रि करीब 09:30 बजे बेबी यादव और कुसुम ठाकुर घर के पास आये और पत्नि अंजली ध्रुव को गाली गलौच कर दरवाजा को ठोक रहे थे। हल्ला गुल्ला सुनकर बाहर निकला तो देखा राजू श्रीवास, बाबू ठाकुर विशाल ठाकुर बाहर में खड़े मैं बाहर निकला तो देखा वहां पर राजू श्रीवास, बाबू ठाकुर, विशाल ठाकुर बाहर में खडे थे, बाहर निकला तो वे गंदी गंदी गाली देकर मारपीट करना शुरू कर दिये। बीच बचाव करने मामा जीवन बोले और हितेश सोनकर भी बाहर निकले तो उनके साथ भी हाथ डंडा , हथियार से मारपीट करने लगे आरोपिया- बेबी यादव, कुसुम ठाकुर, राजू श्रीवास, बाबू ठाकुर व विशाल ठाकुर पर धारा 147, 294, 506, 323 आईपीसी + धारा 452, 427 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

अपराध विवेचना में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृव में अब तक बलवा के आरोपी- विशाल ठाकुर उसके भाई आशीष ठाकुर उर्फ बडा बाबू को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आज दोपहर फरार आरोपियों की धरपकड़ की कार्यवाही में आरोपिया (1) बेबी यादव पति सुभाष यादव उम्र 30 साल निवासी टीवी टावर थाना चक्रधर नगर जिला रायगढ़ (2) कुसुम ठाकुर पति भी ठाकुर उम्र 28 साल निवासी रेलवे बंगला पारा थाना कोतवाली रायगढ़ (3) आदित्य श्रीवास्तव उर्फ राजू पिता प्रहलाद श्रीवास उम्र 22 साल निवासी कलमीडिपा ईला माल के पीछे रायगढ़ को पकड़ा गया है जो मारपीट, बलावा में शामिल थे। तीनों आरोपियों को बलवा के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के हमराह कार्यवाही में प्रधान आरक्षक दिग्विजय वैष्णव, पेट्रोलिंग स्टाफ प्रधान आरक्षक नरेंद्र यादव, आरक्षक सुशील मिंज और महिला आरक्षक कस्तूरी राठिया की प्रमुख भूमिका रही है।

## ग्रामीण उद्यमिता की नींव मजबूत करता रीपा : गांवों में तैयार कर रहे आजीविका के अवसर, महिला सशक्तिकरण को मिल रहा बढ़ावा, समूह के तैयार उत्पादों को सी-मार्ट से मिल रहा बाजार

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज का सपना साकार करने में जुटी है छत्तीसगढ़ सरकार




**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने में जुटी है। शासन की योजनाओं से छत्तीसगढ़ में जहां किसानों को फसल का उचित दाम मिल रहा है वहीं गांवों में आजीविका के अवसर भी गौठान व रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के माध्यम से तैयार हो रहे है। गांवों में पशुधन के लिए बनाये गौठान में तैयार हो रहे ग्रामीण औद्योगिक पार्क से ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश के ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से चलायी जा रही इन योजनाओं से आज गांवों में खेती किसानी के साथ ही आजीविका के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। योजनाओं से महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिला है। गौठानों में तैयार उत्पादों के विक्रय के लिए सी-मार्ट भी खोले गए है जिससे इन उत्पादों को बाजार मिल रहा है।

**रीपा से महिला समूहों के साथ युवाओं को भी मिलेगा लाभ-** रूरल इंडस्ट्रियल पार्क से एक ओर जहां महिला समूहों को जोड़ा जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर गांव के ऐसे युवा जो खुद का काम शुरू करना चाहते हैं और उनके पास पर्याप्त जगह नहीं है। उन्हें गौठानों में बने इन इंडस्ट्रियल पार्कों में काम करने की जगह मिल रही है। प्रथम चरण में जिले के 7 विकासखंड में 2-2 रीपा तैयार किए जा रहे हैं। गौठानों में समूहों द्वारा वर्मी कंपोस्ट निर्माण के साथ सामुदायिक बाड़ी, मछली पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन जैसे कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीण औद्योगिक पार्क के अंतर्गत फेब्रिकेशन, सिलाई यूनिट, सीएचसी सेंटर, एल्यूमीनियम फेब्रिकेशन, मशरूम पालन रायगढ़ जिले के मशरूम उत्पादन, इसके साथ ही तेल, आटा, मिनी राइस मिल, गोबर पेंट निर्माण, गोबर गमला, दिया इत्यादि निर्माण का काम भी किया जा रहा है। जिनमें संलग्न लोगों को ट्रेनिंग भी दिलवायी जा रही है तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ऋण भी प्रदान किया जा रहा है। इनमें बहुत से गतिविधियां स्थानीय स्तर के युवाओं द्वारा की जा रही हैं। रीपा का उद्देश्य ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना है। जिससे लोग स्वावलंबी हो और स्थानीय स्तर पर उन्हें आजीविका के अधिक से अधिक अवसर मिले।

**सी-मार्ट में उत्पादों की हो रही बिक्री-** गौठानों व रीपा में तैयार उत्पादों का विक्रय सी-मार्ट के द्वारा किया जा रहा है। यहां धरमजयगढ़ में तैयार सवई घास के उत्पाद, लैलूंगा से बने मिट्टी के बर्तन, घरघोड़ा से तैयार लाख की प्रोडक्ट के साथ स्थानीय स्तर पर तैयार किए जाने वाले गृह उत्पाद आचार, पापड़, बड़ी का विक्रय किया जाता है। सी-मार्ट के माध्यम से गौठानों के प्रोडक्ट के लिए एक बाजार भी तैयार हो गया है। होली के दौरान गौठान में विशेष रूप से हर्बल गुलाल तैयार किए गए, जिसकी बड़ी डिमांड रही।

## टाटानगर-इतवारी, बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस 24 को रहेगी रद्द

- साउथ बिहार एक्सप्रेस राउरकेला तक



**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर रेल मंडल में ब्लॉक के बाद अब चक्रधरपुर रेल मंडल में ब्लॉक लगने वाला है। इसके चलते टाटानगर-इतवारी-टाटानगर और बिलासपुर से टाटानगर के बीच चलने वाली कुछ यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाएगा। इसके अलावा लंबी दूरी की कुछ ट्रेनों को नियंत्रित करते हुए चलाया जाएगा।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि 24 मई बुधवार से चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले कांसबहाल-राजगांगपुर रेलवे स्टेशनों के बीच सब वे लॉचिंग का काम होना है। इसके चलते 24 मई को टाटानगर एवं इतवारी के मध्य चलने वाली एक्सप्रेस और टाटानगर-बिलासपुर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों को दोनों ओर से रद्द कर दिया गया है। वहीं 23 मई से एलटीटी से चलने वाली कामाख्या एक्सप्रेस को नियंत्रित करते हुए 7 घंटे की देरी से रवाना किया जाएगा। वहीं योगनगरी ऋषिकेश से चलने वाली कलिंगा उत्कल एक्सप्रेस को 3 घंटे 45 मिनट की देरी से चलाया जाएगा। दूसरी ओर दुर्ग से राजेंद्रनगर-दुर्ग तक संचालित होने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस, राजेंद्र नगर से रवाना होकर राउरकेला तक चलेगी, यह ट्रेन दुर्ग नहीं आएगी। यह ट्रेन राउरकेला-दुर्ग-राउरकेला के मध्य रद्द रहेगी।

# कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन पर कलिस्ता का मौके पर बना राशन कार्ड

- कलेक्टर सिन्हा ने जनचौपाल में सुनी जनसामान्य की समस्याएं
- अधिकारियों को दिए आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश
- जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने किया ट्राइसाइकिल वितरित



**रायगढ़।** विकासखंड रायगढ़ के ग्राम कलमी निवासी कलिस्ता टोप्पो आज जन चौपाल में राशन कार्ड के संबंध में आवेदन लेकर पहुंची थी, उन्होंने बताया कि उनके पति का देहांत हो चुका है और उन्हें राशन लेने में आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन पर खाद्य अधिकारी ने आवेदन की जांच कर कलिस्ता टोप्पो को अन्त्योदय कार्ड प्रदान किया।

आयोजित जन चौपाल में कलेक्टर सिन्हा ने जनसामान्य से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। जन चौपाल में कुल 101 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जन सामान्य की समस्याओं, मांग एवं शिकायत के प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

जन चौपाल में विकासखंड पुसौर के ग्राम सोड़ेकेला निवासी अशोक बारीक ऋण के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने कलेक्टर सिन्हा को बताया की बारहवीं तक की शिक्षा प्राप्त की है एवं पुसौर के बाघाडोला चौक पर सैलून खोलकर जीवन-यापन कर रहे है, उन्होंने सैलून के विस्तार हेतु ऋण की मांग की। आवेदन पर कलेक्टर सिन्हा ने लीड बैंक अधिकारी को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। केलोविहार निवासी सुत्रिका विद्युत बिल में छूट एवं मीटर बदलने के अनुरोध लेकर जनचौपाल पहुंची थी, उन्होंने बताया कि घरेलु उपयोग हेतु मीटर लगाया गया था, जो खराब था जिसकी बार-बार सूचना देने पर भी विद्युत विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई। वर्तमान में काफी ज्यादा बिजली बिल आ गया है, उन्होंने बताया की वे आर्थिक रूप से कमजोर है, उन्होंने बिल में छूट एवं मीटर बदलने का निवेदन किया। कलेक्टर सिन्हा ने सीएसईबी को आवेदन के निराकरण के लिए निर्देशित किया। विकासखंड खरसिया के ग्राम नंदगांव निवासी रजनी सारथी अपने पति के ईलाज हेतु आर्थिक मांग को लेकर जनचौपाल पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनके पति की तबीयत बहुत खराब है, मेडिकल कॉलेज भर्ती पश्चात रायपुर में इलाज करवाने की सलाह दी गई है, जिसमें काफी पैसा खर्च आएगा। उन्होंने अपने पति के उचित इलाज के लिए आर्थिक सहयोग की मांग की। कलेक्टर सिन्हा ने सीएमएचओ को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत कोतरलिया अंतर्गत ग्राम डीपापारा के समस्त ग्रामीणों ने जल आपूर्ति के संबंध में शिकायत आवेदन लेकर जन चौपाल पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि पानी टांकी निर्माण एवं कनेक्शन का कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन अब तक पानी नहीं आने से ग्रामवासियों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इसी क्रम में तेंदूमुड़ी के सरपंच तालाब के पास बोर के लिए आवेदन लेकर पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत तेंदूमुड़ी एवं आश्रित ग्राम छोटे जामपाली में तालाब पूरी तरह सुख चुके है, जिसके कारण मवेशियों को पानी पिलाने तथा निस्तारी के लिए ग्रामवासियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दोनों आवेदनों पर कलेक्टर सिन्हा ने पीएचई को अतिशीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। मितानिनों ने मितानिन प्रोत्साहन राशि दिलाए जाने की मांग आवेदन लेकर जनचौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि मितानिन प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रोत्साहन राशि शीघ्र दिलाने की मांग की। कलेक्टर सिन्हा ने सीएमएचओ को आवेदन का निराकरण के निर्देश दिए। इसी क्रम में विकासखंड तमनार के ग्राम सराईपाली निवासी नीला बाई किसान तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार को दी जाने वाली शहीद महेंद्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना की शेष राशि की मांग हेतु आवेदन लेकर जन चौपाल पहुंची थी। उन्होंने बताया की उनके पति की रोड़ दुर्घटना में देहांत हो चुका है, जिसके पश्चात योजना अंतर्गत उन्हें आधी राशि प्राप्त हुई थी। शेष राशि अब तक प्रदान नही की गई है। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने संबंधित अधिकारी को आवेदन की जांच कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार आज आयोजित जन चौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा आदि के आवेदन भी आए हुए थे, जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने संबंधित विभागों को प्राप्त आवेदनों की जांच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर डी.आर. रात्रे एवं जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480